हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–34 : जौनपुर, शनिवार 24 सितम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## किसानों को दिया आश्वासन : आप प्राकृतिक खेती कीजिए बाजार हम देंगे –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सभी किसान प्राकृतिक खेती करें। उन सभी को बाजार हम देंगे और यह विश्वास दिलाते हैं कि नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। सरकार ऐसे समय में उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला 2022 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था का आधार गोवंश रहा है। देश गुलामी की ओर गया तो परंपरागत खेती पर भी प्रहार हुआ। उसका पराभव हुआ। हरित क्रांति से खाद्यान्न में निर्भरता तो आई और लक्ष्य प्राप्त हुए लेकिन उसके दुष्परिणाम से हम नहीं बच पाए। ग्लोबल वार्मिंग इसका सबसे ज्यादा दुष्परिणाम रहा है। आज युवा खानपान की वजह से बीमार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्राकृतिक खेती करनी होगी। भारतीय नस्ल के गोवंश को बढ़ाना होगा और गोवंश के माध्यम से ही खेती करनी होगी। यह वर्तमान और भविष्य को बचाने का अभियान है जो प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से 2021 में शुरू किया था। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में बुंदेलखंड के 7 जिलों में 235 क्लस्टर बनाकर कार्य चलाया जा रहा है। गंगा किनारे खेती की जा रही है। राज्य कृषि विश्वविद्यालय स्तर पर इस कार्य को बढ़ाने का काम कर रहे हैं तथा 79 कृषि विज्ञान केंद्र में सर्टिफिकेशन का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि



मार्केट को बेहतर बनाने के लिए हमें काम करना होगा। केंद्र और राज्य दोनों सरकारें किसानों को सुविधाएं देने के लिए संकल्पित हैं। बिजली के दाम खेती के लिए आधे किए गए हैं। इसके साथ ही 30000 सोलर पंप कुसुम योजना के तहत दिए जाने की योजना है। इससे किसानों को बिजली के खर्चे कम किये जायेंगे। कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राकृतिक खेती समय की मांग है । इसका कोई विकल्प नहीं बचा है। हम प्रकृति से इतनी छेड़छाड़ कर चुके हैं यह विकराल रूप धारण कर चुकी है। 70 साल से बीमार राज्य को भाजपा सरकार में अब सुदृढ़ बनाने का कार्य किया है। उसमें प्राकृतिक खेती की भी अहम भूमिका रहेगी।

## अत्याधुनिक टेक्निकल सेल का कुलपति ने किया उद्घाटन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित टेक्निकल सेल के अत्याधुनिक कार्यालय का उद्घाटन शनिवार को कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि टेक्निकल सेल में अब विद्यार्थियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इससे किसी भी विद्यार्थी को अपनी समस्या के लिए बार–बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। टेक्निकल सेल के प्रभारी डॉ अमरेंद्र सिंह ने कहा कि सारी सुविधाएं ऑनलाइन कर दी गई है। मार्कशीट, सर्टिफिकेट, पुनर्मूल्यांकन, स्क्रुटनी की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन कर दिया गया है , ताकि कार्य में पारदर्शिता हो और विद्यार्थियों की समस्याओं का तत्काल समाधान हो सके। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव दीपक सिंह, अजीत सिंह, प्रो. वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर,प्रो.अशोक श्रीवास्तव, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज



सिंह, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. संदीप सिंह, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो. नुपुर तिवारी, डॉ.संतोष कुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ.राजकुमार, डॉ.मनीष गुप्ता, डॉ मनोज मिश्र, डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ.रसिकेश, सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ.अमित वत्स, डॉ.पुनीत धवन, डॉ. मंगला यादव, प्रवीण कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह, डॉ पीके कौशिक,सतीश सिंह, अंकुर, श्रीमती मीना, लाल बहादुर आदि उपस्थित थे।

## टेक–टॉक सत्र ''नागरिकों और निर्णय लेने वालों के लिए डिजिटल परिवर्तन को सरल बनाना'' टीसीएस कार्यालय में आयोजन सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इण्डिया (सीएसआई) लखनऊ चौप्टर ने ''नागरिकों और निर्णय लेने वालों के लिए डिजिटल परिवर्तन को सरल बनाना'' पर एक सत्र का आयोजन किया गया। अमित कुमार, लीड पब्लिक सेक्टर, फ्रेशवर्क्स इंक एवं उनकी टीम के साथी सूरज सिंह द्वारा टीसीएस कार्यालय, टीसीएस अवध पार्क, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में सभा को सम्बोधित किया गया। तकनीकी सत्र के शुरुआत में अनिल कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष सीएसआई लखनऊ चौप्टर और प्रो. ए.डी. सिंह, प्रोफेसर डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ ने श्री अमित कुमार और श्री सूरज सिंह का गुलदस्ते के साथ स्वागत किया। अमित कुमार ने इस बात पर विचार–विमर्श किया कि सरकारी मोर्चे पर प्रश्नों फीडबैक, शिकायतों और शिकायतों पर एनालिटिक्स प्रथाओं के प्रबन्धन और उन्हें लागू करने के लिए डिजिटल परिवर्तन कैसे हो रहा है और वे कैसे अंतर– विभागीय निर्भरता को कवर करते हुए व्यक्तिगत विभाग स्तर पर भावना विश्लेषण और कार्यात्मक वर्कस्लो को स्वचालित कर रहे हैं। अमित कुमार ने आगे बताया कि कैसे वे विभिन्न



सामाजिक चौनलों (व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ईमेल, कॉल आदि ) का लाभ उठा रहे हैं और बेहतर डिजिटल शासन प्रदान करने के लिए नागरिकों और निर्णय लेने वालों को एक साझा मंच पर ला रहे हैं। सीएसआई लखनऊ चौप्टर के 6 पूर्व चेयरमैन समेत करीब 50 आईटी प्रोफेशनल्स की भीड़ उमड़ी। दीपक शर्मा, उपाध्यक्ष, डॉ श्याम कुमार गर्ग, अवैतनिक सचिव, नफीसुल हसन किदवई, कोषाध्यक्ष, विनय कुमार जौहरी, एमसी सदस्य बालेंदू जायसवाल, एमसी सदस्य भी मौजूद थे। सत्र का संचालन डॉ श्याम कुमार गर्ग अवैतनिक सचिव, लखनऊ चौप्टर ने किया।

## संगठन की जायज मांग न माने जानें पर 11 एवं 12 अक्टूबर को होगा प्रदेश भर में सिंचाई विभाग बन्द:जिम्मेवार होगे भ्रष्ट अफसर

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के आवाहन में सिंचाई विभाग के मुख्यालय गेट न.2 पर आयोजित विशाल धरने की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष कृतार्थ सिंह एवं संचालन गोवर्धन सिंह महामंत्री ने किया , धरने में प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ मंडल पदाधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जनपदों के अध्यक्ष मंत्री द्वारा अपने सदस्यों के साथ पहुचकर हजारों कर्मचारियों ने दिनांक 23सितम्बर 2022 को आयोजित 9 सूत्री मांगों के समर्थन में जोर दार आंदोलन किया । बैठक में संगठन के विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश द्वारा की गयी प्रमुख मांगे इस प्रकार है। 1. जालसाज श्री राम लाल यादव व अन्य द्वारा मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के पैड का आज भी गलत उपयोग किया जा रहा है, जबकि विभागीय जॉच में उसकी जालसाजी प्रमाणित हो चुकी है, फिर भी प्रमुख अभियन्ता द्वारा सह और संरक्षण देकर उसके खिलाफ कार्यवाही नही करायी जा रही है,जिसके कारण कर्मचारियों में काफी रोष है,जिसका पर्दशन धरने में देखा गया । 2. श्री राम लाल यादव वरिष्ठ सहायक लखनऊ खंड शारदा नगर लखनऊ जो कि दिनांक 30.05. 2001 से दिनांक 18/01/ 2002 तक जेल में अपराधिक मुकदमे में निरुद्ध रहा तथा इस अवधि का अवकाश चिकित्सा अवकाश व उपार्जित अवकाश में स्वीकृत कराया जो कि गंभीर संगीन अपराध है जो भी जॉच में प्रमाणित हो चुका है को अभी तक सेवा से बर्खास्त नहीं किया जाना माननीय मुख्यमंत्री जी की परिकल्पना के विपरित है,इस प्रकार शासन की क्षवि विभागीय अधिकारियों द्वारा खराब की जा रही है। 3. वाराणसी जनपद में श्री महेश कुमार अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड संगठन के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कूट रचित अभियोग पंजीकृत कराये जाने एवं बिना किसी जांच के कर्मचारियों को निलंबित कर दिये जाने के प्रति रोष देखा गया, और निलंबन तत्काल समाप्त किए जाने तथा आपसी बातचीत से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए जाने की मॉग की गयी। 4. प्रोन्नति प्राप्त लिपिक संवर्ग के कर्मचारियों को वित्तीय लाभ औपचारिक आदेश की तिथि से प्रदान की जावे तथा प्रोन्नति प्राप्त कर्मचारियों की पदस्थापना किए जाने की मॉग की गयी। 5. खंडीय लिपिकों की वरिष्ठता सूची जारी की जाए। 6. प्रशासनिक आधार पर किए गए स्थानांतरण में घोर अनियमितता की गई है । उसकी जांच कराये जाने की मॉग की गयी। 7.





स्थानांतरण नीति के तहत चिकित्सा आधार/ पति–पत्नी राजकीय सेवा के प्राप्त स्थानांतरण प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए स्थानांतरण निति के आधार पर एक जगह रखने की मॉग की गयी। 8. संगठन के पदाधिकारियों के स्थानांतरण आदेश को निरस्त कराये जाने की मॉग की गयी। 9. ताराचंद मुख्य अभियंता (कार्मिक ४/६) को हटाने सहित उनके विरुद्ध जांच की मॉग की गयी है। प्रमुख अभियंता (कार्मिक 4/6) द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं एवं संघ की जायज मांगों पर समय से कार्यवाही ना होने पर असंतोष एवं काफी आक्रोश देखा गया।उपरोक्त मांगों के क्रम में श्री जगदीश पाल एवं श्री राजबली यादव प्रान्तीय संरक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार कर्मचारी समस्याओं पर विभाग द्वारा संगठन की मांगों पर कार्रवाई न किए जाना काफी चिंता जनक है, इस आन्दोलन के लिए विभाग पूरी तरह जिम्मेदार है,अगर संघ की नोटिस समय से कार्यवाही की जाती तो किसी आन्दोलन की आवश्यकता ही ना होती। संगठन द्वारा मांगो पर प्रमुख अभियन्ता द्वारा समयांतरगत कार्यवाही न किए जाने पर आगामीं 11 एवं 12 अक्टूबर को दो दिवसीय कार्य–बहिष्कार पूरे प्रदेश में किया जायेगा जिसके लिए प्रमुख अभियन्ता एवं विभाग में बैठे भ्रष्ट अधिकारी जिम्मेंदार होंगे। कार्यक्रम को निम्न लोगों द्वारा संबोधित किया गया, ग्यासी लाल, अजय यादव, राकेश कुमार चौधरी (महासंघ ), राजेश सिंह (महासंघ ), रामचन्द्र गुप्ता, दीपक सिंह, सन्तोष कुमार वर्मा, चमन लाल भारती, कृष्ण कुमार, आशीष राय, कृष्ण लाल, रामेंन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार प्रभाकर, परवेज हसन, शिव कुमार, कमलेश यादव, प्रमोद कुमार पाठक, अजय कुमार सिंह, अरबिन्द यादव, अशोक यादव, सुरेन्द्र यादव, विनोद सचान, राम प्रकाश श्रीवास्तव, विकास राय, वर्षवर्धन सिंह, सिद्धार्थ सोनकर, शकील अहमद, संजीव शर्मा, वीरेन्द्र माथुर, सुखवीर सिंह, योगेन्द्र सिंह, गणेशदत्त शुक्ला, सन्तोष तिवारी, अहमद अयूब, मनोज कुमार सिंह, जितेन्द्र पटेल, इफ्तेखार आलम, कैलाश यादव, धीरेन्द्र चतुर्वेदी, सन्दीप शर्मा, आशीष गंगवार, सन्त सिह, सतीश कुमार वाष्णेय, राम किशोर यादव, कमल नयन सिंह, श्रीमती कुशुम तिवारी, आदि आदि लोगों नें संबोधित किया और सरकार एवं मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा के विपरीत प्रमुख अभियन्ता एवं उनके अधीनस्थ भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार एवं अपराध को बढ़ावा दिये जानें पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

## 39 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल व्हीलचेयर बैसाखी कान की सुनने की मशीन स्टिक व वॉकर किए गए वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व के सर्वलोकप्रिय नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगजनों को कृतिम अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ महानगर भाजपा के एनजीओ प्रकोष्ठ व दिव्यांग प्रकोष्ठ द्वारा आज नगर निगम कल्याण मंडप,निकट लखनऊ कैंसर संस्थान, जियामऊ, लखनऊ में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय धर्मपाल सिंह जी प्रदेश संगठन महामंत्री ,माननीय डॉ सुधांशु त्रिवेदी जी सांसद राज्यसभा व राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा, माननीय श्री गोविंद नारायण शुक्ला जी एमएलसी व प्रदेश महामंत्री भाजपा, मुकेश शर्मा जी एमएलसी व नगर अध्यक्ष भाजपा लखनऊ, माननीया संयुक्ता भाटिया जी महापौर लखनऊ व विशिष्ट अतिथियों में रजनीश गुप्ता जी उपसभापति नगर निगम, सुनील यादव जी नगर महामंत्री भाजपा, पुष्कर शुक्ला नगर महामंत्री भाजपा, त्रिलोक अधिकारी नगर महामंत्री भाजपा, आनंद पाण्डेय जी मंडल अध्यक्ष मध्य २ । कार्यक्रम संयोजक/प्रभारी अरुण प्रताप सिंह संयोजक भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर व डॉ सीमा यादव संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर लखनऊ द्वारा किया गया। इस सेवा पखवाडेंद्द में लखनऊ शहर के 39 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की सुनने की मशीन, स्टिक व वॉकर मुख्य अतिथियों के हाथों से वितरित किए गए। कार्यक्रम के प्रभारी व संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ महानगर अरूण प्रताप सिंह व डॉ सीमा यादव संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ ने बताया कि भाजपा सरकार हमेशा दिव्यांगजनों का साथ देती आई है और जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है तबसे दिव्यांगजनों की पेंशन 300 से बढ़ाकर 1000 रू कर दी गई जिसे जल्द ही 1500रू किया जाएगा। इसी कड़ी में दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए जा रहे ताकि किसी दिव्यांगजन को जीवन में कठिनाई न हो और वह अपना जीवन आसानी से गुजार सके। एनजीओ प्रकोष्ठ महानगर व दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर के सहयोग से इतना बड़ा और सफल कार्यक्रम भाजपा संगठन की मजबूती की वजह से ही संपन्न हो सका है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ एवं दिव्यांग प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर समेत जिला लखनऊ दिव्यांग प्रकोष्ठ ने भी अपना सहयोग किया। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के दिव्यांग प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश मिश्रा, एनजीओ प्रकोष्ठ महानगर की सहसंयोजक गुंजन वर्मा, सहसंयोजक डॉ रूबीराज सिंहा, लखनऊ जिला दिव्यांग प्रकोष्ठ की संयोजक लवली मिश्रा, महानगर दिव्यांग प्रकोष्ठ के सहसंयोजक योगेश वर्मा, योगेंद्र मिश्रा, अभिषेक मिश्रा समेत एनजीओ प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, दिव्यांग प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व भारतीय जनता पार्टी परिवार ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 5 से 20 अक्टूबर तक नई निकाय में बीएलओ द्वारा मतदाताओं का घर घर जाकर किया जायेगा सत्यापन

जौनपुर सू.वि. : अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगरी निकाय) रामप्रकाश ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा निर्देशित किया गया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 में परिसीमन से प्रभावित निकाय विस्तारित उच्चीकृत, नई निकाय में बीएलओ द्वारा मतदान स्थल के सभी मतदाताओं का घर घर जाकर सत्यापन करके वृद्धि, शुद्धि या लोप की कार्रवाई 5 अक्टूबर 2022 से 20 अक्टूबर 2022 तक की जाएगी। जनपद में नई निकाय विस्तारित निकाय रामपुर, कचगांव, गौराबादशाहपुर नई एवं मुंगराबादशाहपुर विस्तारित होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश के क्रम में नगरी निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 में परिसीमन में अप्रभावित निकायों (नगर पालिका परिषद जौनपुर एवं शाहगंज, नगर पंचायत केराकत, मछलीशहर, मड़ियाहूं, खेतासराय, जफराबाद, बदलापुर) में बीएलओ द्वारा मतदान स्थल के सभी मतदाताओं का घर–घर जाकर सत्यापन करके वृद्धि, शुद्धि या लोप की कार्रवाई 20 सितंबर 2022 तक की जा चुकी है। 01 जनवरी 2022 तक 18 वर्ष या अधिक आयु के अर्ह नागरिकों के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाएंगे।

## विद्यालयों में ''युवा पर्यटन क्लब'' की स्थापना से पर्यटन को मिलेगा बढावा

जौनपुर सू.वि. : जनपद के विद्यालयों में ''युवा पर्यटन क्लब'' के माध्यम से पर्यटक राजदूत तैयार किए जाएंगें। इसके लिए विद्यालयों में ''युवा पर्यटन क्लब'' स्थापित करने की पहल की गई है। इस पहल हेतु प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन मुकेश कुमार मेश्राम की ओर से जारी पत्र के मुताबिक युवा, पर्यटन एवं भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक विरासत के सर्वश्रेष्ठ राजदूत है। विभिन्न विद्यालयों में स्थापित किए जा रहे ''युवा पर्यटन क्लब'' राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देंगे और माननीय प्रधानमंत्री जी के ''एक भारत, श्रेष्ठ भारत'' एवं ''देखो अपना देश'' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएंगे। इस पहल हेतु कक्षा छठी से लेकर उच्च कक्षाओं के विद्यार्थियों हेतु विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में ''युवा पर्यटन क्लब'' स्थापित किए जाने हैं, जिसमें शिक्षक और विद्यार्थी दोनों शामिल होंगे। युवा पर्यटन क्लब, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे। एक तरफ इन क्लबों के युवा सदस्य भारत की समृद्ध विविधता और इसकी सभ्यतागत मूल्यों के संपर्क में आने से राष्ट्र के प्रति अपनेपन की भावना बढ़ाएगे, वहीं दूसरी ओर जैसे–जैसे पर्यटक राजदूत (ज्वनतपेउ ।उइंेकवत) बनेंगे, भारत दुनिया का पसंदीदा स्थल बन जाएगा, जिसका हमारी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इसकी स्थापना जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कराए जाने निर्देश प्रदान किए गए हैं। पर्यटन सूचना अधिकारी मीनाक्षी यादव के द्वारा बताया गया कि युवा पर्यटन क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने गांवों, कस्बों, शहरों और राज्यों में मौजूद समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक विरासत के बारे में शिक्षित एवं जागरूक किया जाएगा। इस क्लब के माध्यम से पर्यटन के युवा राजदूतों का संपोषण एवं विकास किया जाएगा। विद्यार्थियों को पर्यटन के क्षेत्र में व्याप्त अवसरों के बारे में जागरूक एवं पर्यटन क्षेत्र में कुशल पेशेवर और उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। पर्यटन राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। पर्यटन युवाओं को देश की समृद्ध प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत की खोज में मदद करता है एवं सांस्कृतिक जड़ों की गहरी समझ को भी मजबूत करता है। वर्तमान में जनपद में ''युवा पर्यटन क्लब'' की स्थापना का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। जनपद में स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जौनपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, जफराबाद, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मछलीशहर एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मडियाहू, जौनपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग से ''युवा पर्यटन क्लब'' की स्थापना की गई है एवं अन्य विद्यालयों में ''युवा पर्यटन क्लब'' की स्थापना का कार्य कराया जा रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

मुस्कान से समस्या सुलझ सकती है लेकिन मौन से समस्या को आनें से रोक सकते है

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# माओवादियों का सिकुड़ता दायरा

माओवाद पर अंकुश लगाने में सरकारी कार्यक्रमों की भी बड़ी भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ में दो रुपये चावल देने का कार्यक्रम ऐसा था कि उसे माओवादी भी बाधित नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि उन्हें पता था कि अगर लोगों को चावल लेने से रोका गया, तो वे हमारे खिलाफ खड़े हो जाएंगे।

हाल ही में सीआरपीएफ ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों ने झारखंड के बूढ़ा पहाड़ और बिहार के चक्रबंधा और भीमबांध जैसे अति हिंसाग्रस्त इलाके को पूरी तरह से नक्सल मुक्त कराकर वहां पर अपना कब्जा जमा लिया है। ये इलाके नक्सलियों का गढ़ माने जाते थे, क्योंकि भौगोलिक स्थिति के कारण वहां सुरक्षा बल पहुंच नहीं पाते थे। आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से यह सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता है।

गौरतलब है कि वर्ष 2008–09 में देश के बीस राज्यों में 223 जिले माओवादी गतिविधियों से प्रभावित थे, जिनमें बिहार और झारखंड के काफी इलाके शामिल थे। लेकिन आज बिहार, झारखंड में ज्यादातर वसूली से संबंधित घटनाएं होती हैं। माओवादी आज वहां बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं हैं। पैसा कमाने के लिए वे इक्का–दुक्का घटनाओं को अंजाम देते हैं। जो माओवाद कभी आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता था, वह आज सामान्य कानून–व्यवस्था का मामला बनकर रह गया है।

माओवाद का संकुचन सिर्फ बिहार और झारखंड में नहीं हुआ है, बल्कि पूरे देश में हुआ है। एक समय जहां बीस राज्यों के 223 जिले माओवाद प्रभावित थे, वे आज घटकर मात्र 55 जिलों में सिमट कर रह गए हैं। वर्ष 2008 में देश के 65 जिले माओवाद से अत्यधिक प्रभावित थे। हमारे डाटाबेस (साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल) के अनुसार, छत्तीसगढ़ के सिर्फ दो जिले बीजापुर और दंतेवाड़ा माओवाद से बहुत ज्यादा प्रभावित हैं।

बाकी जो माओवाद प्रभावित जिले हैं, उनमें कुछ में इक्का–दुक्का हिंसा की घटनाएं होती हैं और कुछ में मात्र राजनीतिक गतिविधियां होती हैं, जैसे– कहीं माओवादी पोस्टर लगा देते हैं, या गांवों में जाकर अपनी जन अदालत लगा लेते हैं या प्रोपगैंडा फैलाते हैं। पहले जो माओवादियों के कई गुट आपस में संपर्क कर सकते थे, दूसरे इलाके में हिंसक वारदातों को अंजाम दे सकते थे, इन सब पर अंकुश लगाया गया। माओवाद पर कैसे काबू पाया गया, इसे समझने के लिए हमें पीछे की तरफ लौटना पड़ेगा।

वर्ष 2009–10 में माओवादी हिंसा चरम पर थी। 2009 में माओवादी हिंसा में देश भर में कुल 1,128 मौतें हुई थीं और 2010 में यह संख्या बढ़कर 1,180 हो गई। इनमें माओवादी, आम नागरिक और सुरक्षा बलों–सभी की मौत के आंकड़े शामिल हैं। हमारे डाटाबेस के मुताबिक, इस साल अभी तक सिर्फ 94 लोग मारे गए हैं। 2005 से 2010 के बीच माओवादी हिंसा में मौत की संख्या धीरे–धीरे बढ़ती चली गई।

तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने नक्सलियों के खिलाफ ऑल इंडिया मैसिव ऐंड कोऑर्डिनेटिव ऑपरेशन चलाया था, लेकिन वह न मैसिव (व्यापक) था और न ही कोऑर्टिनेटिव (सामंजस्यपूर्ण) था। यह एक गलत नीति थी, जिसके कारण माओवादियों को अपना विस्तार करने का मौका मिला। उसी समय सलवा जुडुम शुरू हुआ था। जब एमसीसी और पीडब्ल्यूजी का विलय हुआ और सीपीआई माओवादी पार्टी बनी, तो नक्सल आंदोलन का काफी विस्तार हुआ और इससे काफी लोग जुड़े और उनकी आपस की लड़ाइयां खत्म हो गईं।

इस तरह एक तरफ माओवादियों की एकजुटता थी, तो दूसरी तरफ केंद्र की गलत नीतियां। उससे काफी नुकसान हुआ और आम नागरिकों व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या में मौतें हुईं। फिर धीरे–धीरे केंद्र सरकार को समझ आने लगा कि इस तरह से समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। पूरे माओवाद प्रभावित इलाकों में एक साथ ऑपरेशन चलाने के लिए न तो उतने सुरक्षा बल थे और न ही पर्याप्त संसाधन। तब आंध्र प्रदेश का मॉडल अपनाया गया, जो खुफिया जानकारियों पर आधारित लक्ष्य केंद्रित ऑपरेशन था।

इसलिए लक्ष्य केंद्रित ऑपरेशन शुरू किए गए। जैसे–जैसे ये ऑपरेशन बढ़ते गए, नए इलाकों में माओवाद के विस्तार पर अंकुश लगा, नई भर्तियां कम हुईं और नक्सली नेतृत्व को काफी नुकसान पहुंचा। कई माओवादी नेता मारे गए और कई गिरफ्तार किए गए। जो मारे नहीं गए, उनके ऊपर बहुत ज्यादा दबाव आ गया। वे कोई गतिविधियां नहीं कर पा रहे थे, विभिन्न गुटों के बीच तालमेल और सहयोग नहीं हो पा रहा था। सरकार की सुरक्षा नीति में भी बदलाव होने लगा।

इसलिए 2011 के बाद थोड़े उतार–चढ़ाव के बावजूद माओवादी गतिविधियों में लगातार कमी आती गई। सुरक्षा बलों का वर्चस्व बढ़ने से माओवादी गतिविधियों में तो कमी आई ही, स्थानीय लोग भी सुरक्षा बलों के साथ आते गए। पहले के आंकड़े देखें, तो ज्यादातर आम नागरिक और सुरक्षा बल मारे जाते थे, लेकिन अब ज्यादातर माओवादी या कुछेक नागरिक मारे जाते हैं। इस साल जो 94 लोग मारे गए हैं, उनमें 12 सुरक्षा बलों के जवान मारे गए हैं और 40 माओवादी मारे गए हैं।

माओवाद पर अंकुश लगाने में सरकारी कार्यक्रमों की भी बड़ी भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ में दो रुपये चावल देने का कार्यक्रम ऐसा था कि उसे माओवादी भी बाधित नहीं कर पा रहे थे, क्योंकि उन्हें पता था कि अगर लोगों को चावल लेने से रोका गया, तो वे हमारे खिलाफ खड़े हो जाएंगे। कई बार वे अपने वर्चस्व वाले इलाकों में सरकारी योजनाओं को ठीक से लागू करवाने में मदद करते थे। सड़क निर्माण से भी सुरक्षा बलों को अपनी गतिविधियां बढ़ाने में मदद मिली।

सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों को बाजार, अस्पताल, रोजगार आदि से जुड़ने का मौका मिला। ओडिशा के मलकानगिरि इलाके में बालीमेला जलाशय के आगे 150 से अधिक गांव राज्य के बाकी इलाकों से कटे हुए थे। उस पर पुल बनाने से वह इलाका शेष राज्य से पूरी तरह जुड़ गया। घर बनाने और स्कूल बनाने की योजना से भी स्थानीय आदिवासियों का रुख सुरक्षा बलों की तरफ हुआ। इस तरह के प्रशासनिक एवं सुरक्षा तालमेल का भी बहुत बड़ा असर पड़ा।

पहले माओवाद प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच पिस रहे थे। लेकिन इन कल्याणकारी कार्यक्रमों और सुरक्षा बलों का वर्चस्व बढ़ने से आदिवासियों की वफादारी सुरक्षा बलों की तरफ बढ़ गई। इससे कहीं कम, कहीं ज्यादा स्थानीय लोगों को फायदा पहुंचा है और जहां अब तक फायदा नहीं पहुंचा है, उन्हें भरोसा है कि हमारे इलाके का भी विकास होगा। आज आम लोग सुरक्षा बलों से ज्यादा जुड़ रहे हैं। आज जो माओवाद एक छोटे से इलाके में सिमट गया है, वह पिछले कई वर्षों की रणनीतियों और विकास कार्यों का नतीजा है। आदिवासी लोगों का माओवाद से तेजी से मोहभंग हो रहा है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# संगठन वह शक्ति है, जिससे असंभव कार्य भी संभव हो सकता है –योगेश त्यागी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ शाहाबाद द्वारा आयोजित ''निपुण भारत मिशन गोष्ठी एवम अधिवेशन कार्यक्रम ''आइंस्टीन चिल्ड्रेन एकेडमी मो .गिगियानी शाहाबाद में प्रेम सागर पूर्व उपाध्यक्ष जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ हरदोई की सभाध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय एवम प्रान्तीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ,विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनीता त्यागी ,अतिथि के रूप में जनपदीय कोषाध्यक्ष उदय शंकर मिश्र एवम वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवम पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी ददरौल शाहजहांपुर धीरज अस्थाना उपस्थित रहे। अधिवेशन पर्यवेक्षक के रूप में जनपदीय कोषाध्यक्ष उदय शंकर मिश्र एवम जनपदीय संयुक्त मन्त्री महेश चन्द्र ने उपस्थित रहकर प्रत्तेक पद पर एक ही नामांकन आने की स्थिति में अपने कुशल पर्यवेक्षण में निर्विरोध निर्वाचित ब्लॉक इकाई की घोषणा की।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति के सदस्य करुणा शंकर मिश्र एवं अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ प्रभाकर वाजपेयी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों एवम शिक्षकों द्वारा निपुण भारत मिशन अभियान को सफल बनाने एवम सरकार के उद्देश्य को पूरा करने हेतु अपना सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। जिला अध्यक्ष सुनीता त्यागी ने सर्व सम्मति से निर्विरोध निर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संघ में धारित पद का प्रमाण पत्र वितरित कर पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलायी।जनपदीय कोषाध्यक्ष उदय शंकर मिश्र ने अपने उद्बोधन में संगठन की एकता पर बल देते हुए सभी को एक जुट रहने की अपील की। जिलाध्यक्ष सुनीता त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी एक जुट होकर रहें आपका कोई भी कार्य किसी भी स्तर पर बाधित नहीं होगा अपने अपने ब्लॉक में शशक्त एवम मजबूत इकाई का गठन किया है इसके लिए आप सभी को बधाई देती हूँ। राष्ट्रीय एवम प्रान्तीय अध्यक्ष माननीय योगेश त्यागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठन में वह शक्ति है जिससे कोई भी असम्भव कार्य सम्भव हो सकता



है जब आपके द्वारा प्रेरणा एप का विरोध किया गया था तब से आज तक हम सभी को सेल्फी के माध्यम से उपस्थिति नहीं देनी पड़ी।उन्होंने बताया कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में पदोन्नतियां एवम स्थानांतरण प्रारम्भ होने की प्रक्रिया शासन स्तर पर गतिमान है एवम इसके तुरन्त बाद अंतरजनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी। उन्होंने संगठन के महत्त्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। नव निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष अग्निहोत्री ने अपने उद्बोधन सभी आए हुए अतिथियों शिक्षक भाई बहनों एवम पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कहा कि ब्लॉक इकाई यथा शक्ति शिक्षा शिक्षक और शिक्षार्थियों की उत्तरोतर प्रगति हेतु दृढ़ संकल्पित है किसी शिक्षक भाई बहन का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों का आह्वाहन किया सभी मिलजुल कर संगठन को सबल बनाने हेतु अपना योगदान दें। कार्यक्रम का समापन सभाध्यक्ष श्री प्रेम सागर द्विवेदी ने किया। निर्विरोध नव निर्वाचित कार्यकारिणी में प्रेम सागर संरक्षक ,राकेश पाठक संरक्षक ,बाबूराम राठौर संरक्षक ,सन्तोष अग्निहोत्री अध्यक्ष ,माधवी अग्निहोत्री उपाध्यक्ष ,अंजू मिश्रा महिला उपाध्यक्ष ,होरीलाल उपाध्यक्ष ,राजेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष ,मो .शारिक खां उपाध्यक्ष ,मो. हाशिम उपाध्यक्ष ,अनिल कुमार उपाध्यक्ष ,सदाशिव उपाध्यक्ष ,विवेक कुमार शुक्ला मन्त्री ,प्रेम कुमार संयुक्त मन्त्री ,शालिनी गुप्ता संयुक्त मन्त्री ,मो .जहाँगीर आलम संयुक्त मन्त्री ,सुमन सिंह संयुक्त मन्त्री ,मो. रफी खां प्रचार मन्त्री ,राजेन्द्र कुमार कोषाध्यक्ष ,अरुण कुमार दीक्षित आय व्यय निरीक्षक ,सन्तोष कुमार कुशवाहा संगठन मन्त्री सर्व सम्मति से चुने गए। मंच का कुशल संचालन मो .तैयब ने किया।

# एफ सी आई गोदाम में रखे अनाज की सुरक्षा एवं सी सी टी वी कैमरों को सक्रिय रखा जाये – जिलाधिकारी

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो शाहजहाँपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को भारतीय खाद्य निगम (एफ0सी0आई0) के रोजा स्थित खाद्य गोदाम का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने अग्निशमन के प्रबन्ध , भण्डारण किये गये अनाज की सुरक्षा एवं स्टॉक का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कोटेदारों को सप्लाई होने वाले राशन के लिए कड़ा निर्देश दिया कि कोटेदारों को देनें वाला राशन समय से उपलब्ध कराया जाये। राशन परिवहन में लगे सभी वाहन चालकों के पहचान पत्र जारी करने तथा उनका विवरण एक सूची में दर्ज करने के निर्देश दिये। जिससे अनियमितता की किसी भी शिकायत पर जल्द कार्यवाही की जाये। तथा परिवहन में लगे वाहन जी0पी0एस0 युक्त हो एवं जी0पी0एस0 ट्रेकिंग भी नियमित रूप से की जाये। इसके साथ ही निर्धारित परिवहन मार्ग से ही राशन का परिवहन किया जाये। जिलाधिकारी ने गोदाम में रखे गये अनाज की सुरक्षा के विषय में जांच करते हुये निर्देशित किया कि मानको के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सी0सी0टी0वी0 कैमरों को निरंतर सक्रिय रखा जाये तथा समय समय पर उनकी जांच भी की जाये। अग्निशमन के प्रबन्ध भी मानको के अनुरूप सुनिश्चित



करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होने नमी मापक यंत्र से भण्डारित चावल की नमी की माप भी करायी। मनपंसद नमकीन संस्थान द्वारा अनाधिकृत रूप से कारखाने का पानी एफसीआई गोदाम के परिसर में छोड़े जाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय , डिपो मैनेजर सतीश आनंद सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# निपुण भारत प्रशिक्षण का अंतिम सत्र आरंभ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ब्लाक संसाधन केंद्र में निपुण भारत प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार चल रहा है।14 सत्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 670 शिक्षको ने प्रशिक्षण लिया है। निपुण भारत प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षको को शिक्षण की ऐसी तकनीक बताई जा रही है जिसके माध्यम से कक्षा एक से 3तक के विद्यार्थियों को भाषा गणित और अंग्रेजी विषय को ज्ञान आसानी से दिया जायेगा।अब तक 7 चक्र का कार्यक्रम चल चुका है ।एक चक्र में 50 50 की दो बैच बनाकर प्रति सत्र में ट्रेनिग दी जा रही है।ए आर पी शिवाकांत तिवारी,अमला प्रसाद और राजेश यादव तथा के आर पी अब्दुल कादिर तथा प्रताप प्रशिक्षण दे रहे है।शुक्रवार से शुरू हुआ प्रशिक्षण का अंतिम सत्र सोमवार को समाप्त हो जायेगा।अंतिम बैच में 70 शिक्षक प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास : मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शुक्रवार को साय काल शौच के लिए गई किशोरी से गांव के ही युवक ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया।मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी साय काल शौच के लिए सिवान में गई थी।प्राथमिक विद्यालय के पास पहले से मौजूद दो युवक उसका मुंह दबाकर स्कूल में उठा ले गए जहां उन्होंने दुष्कर्म का प्रयास शुरू किया तो किशोरी के चिल्लाने पर आस पास के ग्रामीण दौड़े तो दोनो उसे छोड़कर भाग गए।पिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास व पास्को एक्ट के तहत गांव के हिमांशु और शुभम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।मामले में प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।घटना की जांच की जा रही है।

# रसोइए के बेटे की मौत पर शोक : कम्पोजिट स्कूल इब्राहिमाबाद के कक्षा 5 का छात्र था मृतक शिवम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विकास क्षेत्र के इब्राहिमाबाद स्थित कम्पोजिट स्कूल की रसोईया सीमा गौड़ के बेटे शिवम(11) की शनिवार भोर में मौत हो गई। वह कक्षा 5 का होनहार छात्र था। उसके पिता हीरालाल गौड ने बताया कि उनका बेटा शुक्रवार को स्कूल से लौट कर होमवर्क किया।रात को भोजन कर सोने चला गया। शनिवार भोर में लगभग 3:00 बजे अचानक पेट दर्द व उल्टी होने लगी। उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति गम्भीर होने पर जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।उसकी मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। सबेरे स्कूल में छात्र की मौत की खबर मिलने पर प्रधानाध्यापक सुनील सिंह के संयोजन में प्रार्थना सभा मे बच्चे व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। बीईओ आनंद प्रकाश सिंह ने छात्र की मौत पर संवेदना व्यक्त की है।

# आईआई टी रुड़की व महर्षि विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एस.एम.एस. में वर्चुअल–लैब के नोडल सेन्टर की हुई स्थापना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साईंसेज लखनऊ में एक और ख्यातिपूर्ण वर्चुअल–लैब केंद्र की स्थापना हुई । आईआईटी रुड़की व महर्षि विश्वविद्यालय के तत्वावधान में एस.एम.एस. वर्चुअल–लैब का नोडल सेन्टर बना तथा आईआईटी रुढकी के द्वारा 2–दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रथम दिन इसका औपचारिक उद्घाटन संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शरद सिंहय के उपस्थित में हुआ, जिन्होने एस.एम.एस. के इतिहास में एक नये माइल–स्टोन का जुडना बताया। निदेशक प्रोफ0 मनोज महरोत्रा, ने अपने वक्तब्य में नई शिक्षा नीति–2022 में इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला । महानिदेशक (तकनीकी), प्रो0 भरत राज सिंह, ने आईआईटी रुढकी के शोध सहयोगियो श्री चेतन धीमन व जसबीर सिह तथा महर्षि विश्वविद्यालय के डा. गौरव दीक्षित द्वारा एस.एम.एस. में वर्चुअल–लैब के नोडल सेन्टर के स्थापना के इस शुभारम्भ पर बधाई दी तथा वर्चुअल–लैब छात्र–छात्राओ को कैसे उपयोगी होगी, के विषय पर विशेष जानकारी दी और बताया कि इससे वह अपने घर व होस्टल या किसी भी स्थान से इसका लाभ विना किसी लागत से कर सकते हैं । इस अवसर पर, मुख्य महाप्रबन्धक, डॉ0 जगदीश सिंह, तथा



सह–निदेशक, प्रो0 धर्मेन्द्र सिंहय डीन– छात्र कल्याण, डीन– अभियंत्रीकी, विभागाध्यक्ष, श्री पंकज यादव, डा. आशा कुलश्रेष्ठ, डा. अमरजीत सिह, आमोद पांडेय, डिप्लॉमा प्रिंसिपल, व छात्र–छात्राओ ने उपस्थित रहकर सक्रिय रूप में भाग लिया। कार्यशाला के प्रथम दिन, सभी विभिन्न विज्ञान व तकनीकी विषयो के लैब के संचालन व उससे आवश्यक परिणामो को निकालने की तरीको कि जानकारी हासिल की । दूसरे दिन भी पहली पाली में छात्र–छात्राओ तथा दूसरी पाली में शिक्षकगणो ने भी कार्यशाला में उपस्थित होकर गहन जानकारी ग्रहण की। अंत में, डा, हेमंत कुमार सिह, डीन– अभियंत्रण ने आये हुये ट्रैनर्स व उपस्थित शिक्षकगणो व छात्र–छात्राओ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## साफ–सफाई में लापरवाही करने वालो पर होगी कार्रवाही –नसरीन बानो

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के बोर्ड की बैठक शनिवार को हुई जिसमें समस्त सभासदों की सहमति से डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन प्रक्रिया को सर्वसम्मति से पास किया गया। नगर पालिका परिषद के बोर्ड की बैठक नसरीन बानो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें साफ–सफाई और विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की गई।कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।बैठक को संबोधित करते हुऐ पालिकाध्यक्ष नसरीन बानो ने कहा कि समस्त वार्डों में सड़क,पानी,लाइट,साफ सफाई की हर व्यवस्था को मुहैया करवाने की जिम्मेदारी पालिका प्रशासन की है और सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य किये जा रहे है।पालिका से जुड़ी हर सुविधाओ को नागरिकों तक पहुँचाकर अपना बेहतर कार्य करके पालिका अपने दायित्व को पूर्ण कर रही है।वही पालिका अध्यक्ष ने साफ लहजे में कहा कि साफ सफाई व्यवस्था में लापरवाही करने वाले किसी भी कर्मी को बख्सा नहीं जायेगा।अगर किसी भी बार्ड में



सफाई का कार्य समुचित न पाया गया तो कार्रवाही की जाएगी।पालिका के सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों और डयूटी की जिम्मेदारी पूर्ण ढंग से निभाये।अधिशाषी अधिकारी आर0आर0 अम्बेश ने कहा कि नगर को साफ सुथरा रखने में सभी नागरिक सहयोग करे और सड़कों और नालियों पर किसी प्रकार अतिक्रमण न करे।बोर्ड बैठक में 94 मानचित्र पास किये गए और डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन का प्रस्ताव पढ़कर सुनाया गया जिसे सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से पास किया गया।इस मौके पर लक्ष्मी त्रिपाठी,तारिक खाँ,पवन रस्तोगी,बेबी त्रिपाठी,किशन कुमार,किरण देवी,इमरान खाँ,अजहर मसूद,सरिता गुप्ता,यदुवीर सभासद आदि मौजूद रहे।

# जान से मारने की धमकी से महिला परेशान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिरशादपुर की सुनीता पत्नी संतोष जान से मारने की धमकी से पिछले छ माह से परेशान है! हांलाकि प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह ने बताया है कि विवाहिता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर चार्जशीट दाखिल कर दी गयी है! विवाहिता का आरोप है कि वह पिछले छ महीने से धमकी से परेशान है! पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है! वह आरोपियों से घबड़ायी हुई हैं! उन्होंने थाना दिवस पर शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उनके तथा उनके पति के खिलाफ किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है! सबसे आश्चर्य मामला है कि अपराध से जुड़े शिकायती पत्र को निस्तारित करने के लिए थाना दिवस अधिकारी सहायक चकबन्दी अधिकारी अरुण कुमार यादव ने निस्तारित करने के लिए राजस्व निरीक्षक को सौंपा है!

# फिल्मों वाली काली कार से बाजार में बना भय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरकी बाजार में इन दिनों कुछ यूपी 61 यूपी 65 यूपी 50 की काले कांच वाली बीआईपी कार आकर सुबह शाम रुकती जाती है, लेकिन उसमें से सवार कोई ब्यक्ती बाहर नही उतरता है। यह गाड़िया 15 से 20 मिनट बाजार में रुकती है। हर कोई दुकानदार इन गाड़ियों को देखकर अचंभित रहता है। गाड़ियों के कांच काली फिल्म से पूरी तरह काले रहते है, जिससे बाहर के लोगो को अंदर कुछ दिखाई नही देता है। जिससे बाजार वासीयो में भय है। जहाँ कुछ दुकानदार अपराधियों का तो कुछ दुकानदार पुलिस के अंदेशा लगा रहे है वही पुलिस विभाग के सूत्रों की माने तो आने वाले वाहन से जनपद आजमगढ़ से मादक पदार्थो की तश्करी होती है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है अगर ऐसा है तो इस मामले की जांच की जाएगी।

# विचार ही इंसान को बनाता है महान –डॉ. सुनील

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस फार्मेसी के नवचार केंद्र में कुलपति प्रो. निर्मला एस . मौर्य के निर्देशन में मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का विचार है कि 'इंसान महान पैदा नहीं होता है, उसके विचार उसे महान बनाते हैं। विचार और काम की शुद्धता और सरलता ही महान लोगों को आम लोगों से अलग करती है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर दीप प्रकाश सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात एवं अमल करना चाहिए ऐसा गांधी जी को नमन करते हुए आज के दिन कहा गांधी जी के विचारों पर राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार द्वारा चलाया जा रहा है जिसका शुभारंभ आज के ही दिन किया गया था। आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयसेवक अमन कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अभय प्रजापति द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान इकाई के समस्त टीम कैप्टन सौरभ सिंह , आलोक मिश्रा, नितेश कुशवाह , आनंद कुमार, आलोक मौर्य को बैच तथा डायरी को



मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान कराया गया । कार्यक्रम मे शिक्षक श्री हेमंत श्रीवास्तव, श्री अंकुश कुमार, श्री शक्ति यादव, डॉ राजीव कुमार, डॉक्टर पूजा सक्सेना, कर्मचारी शांति प्रकाश मिश्रा , बृजेश सिंह , एवं प्रशांत यादव के साथ–साथ स्वयं सेवक / सेविका प्रगति जैस्वाल, रिया यादव,स्नेहा सिंह, आनंद सिंह,आलोक मिश्र, अभय प्रजापति, दीपक सोनी, सुधांशु सैनी, सोनाली सिंह, मोहम्मद अमान, सौरभ सिंह, नीतेश कुशवाहा, आलोक मौर्य, गोविन्दा भारती आदि उपस्थित रहे।

## पीयू प्रबंधक महासंघ ने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्ववित्तपोषित पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंधक महासंघ ने प्रदेश की उच्च शिक्षा मंत्री एवं पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कालेजों व् छात्रो के समस्याओं के निस्तारण की मांग की और विश्वविद्यालय के में फंसे रिजल्ट की जानकारी देते हुए कहा कि इसे तत्काल सुधारवाया जाए। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि मामले का निस्तारण वार्ता करके किया जाएगा। स्ववित्तपोषित पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंधक महासंघ के अध्यक्ष डॉ दिनेश तिवारी, संरक्षक अशोक दुबे, कोषाध्यक्ष विनोद तिवारी ,पवन मिश्रा लखनऊ सचिवालय पहुंचे। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी से मुलाकात की और उन्हें समस्याओ से भरा 3 सूत्री मांग को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें विश्वविद्यालय के मनमानी रवेयै का विरोध जताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्वयं रिजल्ट गड़बड़ कर रहा है, और ऊपर से संशोधन कराने के लिए छात्रों से एक हजार की पेनाल्टी ले रहा है। इसके साथ कॉलेजों पर मनमाना आदेश ठोक रहा है ,जिससे मैं गंभीर समस्याएं



बढ़ती जा रही। तत्काल इसका निस्तारण किया जाए। इस पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि तत्काल इन गंभीर समस्याओं का निस्तारण करा दिया जाएगा। इसके बाद वह पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री निलिमा कटियार को भी ज्ञापन दिया और उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से बात करके इसका निस्तारण जल्द कर आऊंगी और विश्वविद्यालय को अपने रवेयै में सुधार लाना होगा। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों की भी शिकायतें की। इस दौरान प्रबंधक महासंघ के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि मामले का निस्तारण नहीं होगा तो हम लोग जौनपुर से लेकर लखनऊ तक आंदोलन करेंगे और ज्ञापन दिया है उम्मीद है कि छात्रों की समस्याओं के साथ–साथ कालेजों का समस्याओं का निस्तारण हो जाएगा।

## 25 सितम्बर को होगी ओ0डी0ओ0पी0 प्रदर्शनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साह तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत 23 सितम्बर 2022 को कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह ,जौनपुर में वोकल फार लोकल कार्यक्रम के अन्तर्गत ओ0डी0ओ0पी0 एवं



हस्तनिर्मित स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा द्विवेदी, सांसद राज्य सभा, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। प्रदर्शनी में एक जनपद एक उत्पाद ऊनी दरी व अन्य स्थानीय उत्पादों के कुल 25 स्टाल लगाये गये। स्टालों का मुख्य अतिथि द्वारा भ्रमण किया गया तथा स्थानीय उत्पादों को बढावा देने हेतु प्रेरित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष पुष्पराज सिंह द्वारा उद्यमियों को और अधिक उत्पाद बढाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा जी, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, उपायुक्त, स्वतः रोजगार ओ0पी0 यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर0डी0 यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला सेवा योजन अधिकारी, राजीव सिंह अपर साख्यिकीय अधिकारी मो0 रजा, जय प्रकाश, सहायक प्रबंधक उद्योग उपस्थित रहे। यह ओ0डी0ओ0पी0 प्रदर्शनी 25 सितम्बर 2022 तक चलेगी।

## जिला स्वास्थ्य समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जनपद में स्वास्थ्य विभाग में स्वीकृत मानव संसाधन के सापेक्ष रिक्त पदों पर भर्ती हेतु कार्यवाही के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित मातृ स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत जनपद में घटित मातृ मृत्यु की रिपोर्टिंग ब्लॉक इकाई धर्मापुर, खुटहन, करंजाकला, सुईथाकला, रामपुर, महराजगंज, सिरकोनी, बरसठी, बक्शा, सिकरारा, डोभी, केराकत एवं शाहगंज द्वारा शून्य रिपोर्ट किया गया है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त इकाई मातृ मृत्यु की घटनाओं को शत–प्रतिशत रिपोर्ट कर सभी केसों का ससमय आडिट सम्पन्न करायें जिससे कि सुधारातमक कार्यवाही कर भविष्य में मातृ मृत्यु को रोका जा सके। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा इकाई पर प्रसव कराने के उपरान्त 48 घण्टे रूकने पर प्रसुताओं को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। ब्लाक इकाई बदलापुर में चिकित्सा इकाई पर उक्त सेवा प्रदान न करने पर जिलाधिकारी द्वारा रोष प्रकट किया गया एवं अधीक्षक सामु0स्वा0केन्द्र बदलापुर को निर्देशित किया कि तत्काल निःशुल्क भोजन व्यवस्था सुनिश्चित कर समिति को अवगत करायें। योजना के अन्तर्गत समस्त प्रसुताओं को जिनका प्रसव सरकारी चिकित्सा इकाई पर हुआ हो को रू0 1400 का भुगतान विभाग द्वारा किया जाता है। सामु0 स्वा0केन्द्र डोभी, सिरकोनी, रामनगर, खुटहन, मुफ्तीगंज, बक्शा एवं सुजानगंज द्वारा सबसे कम प्रसुताओं को उक्त धनराशि का भुगतान किये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा रोष प्रकट किया गया एवं 2 कार्य दिवस के भीतर उक्त भुगतान शत–प्रतिशत किये जाने के निर्देश समस्त इकाई के अधीक्षक को दिया गया। भुगतान न होने की दशा में सम्बन्धित अधिकारीध्कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा में पाया गया कि सामु0प्रा0स्वा0केन्द्र मुगराबादशाहपुर, मड़ियाहूँ, बदलापुर, मछलीशहर, सुजानगंज, धर्मापुर, रामपुर, सिकरारा, रामनगर एवं बरसठी द्वारा 100 प्रतिशत बच्चों को टीका नही लगाया गया है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त इकाईयों के चिकित्सा अधीक्षक का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुये शत–प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रतिरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया। यू0पी0 हेल्थ डैशबोर्ड की समीक्षा में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि यु0पी0 हेल्थ डैशबोर्ड से सम्बन्धित रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारी



एवं कर्मचारी का प्रशिक्षण कराते हुए जनपद की रैंकिग सुधारी जाये। जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रैशन की समीक्षा में जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में घटित समस्त जन्म एवं मृत्यु का रजिस्ट्रशन शत–प्रतिशत सुनिश्चित करायें। डी0पी0ए0 जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन को निर्देशित किया कि जनपद में समस्त प्राईवेट हास्पिटल को इनफार्मेंट आईडी तत्काल उपलब्ध कराने हेतु जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित करायें। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर की समीक्षा में जिलाधिकारी द्वारा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर को निर्देशित किया गया कि समस्त कम्युनिटी हेल्थ आफिसर की ऑनलाईन उपस्थिति दर्ज कराये जाने हेतु कार्यवाही करते हुऐ आगामी माह तक ऑनलाईन उपस्थिति व्यवस्था लागू कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आगामी एक माह मे जनपद में 100000 सी0बी0ए0सी0 फार्म एन0सी0डी0 पोर्टल पर अभियान चला कर भरा जाये। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि माह सितम्बर एवं अक्टूबर 2022 में समस्त चिकित्सा इकाई एक भव्य परिवार नियोजन कैम्ब आयोजित करें एवं प्रगति से आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रगति से समिति को अवगत करायें। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चिकित्सा इकाई एवं चिकित्सकों को सम्मनित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा अधीक्षक सामु0स्वा0 केन्द्र नौपेडवा एट बक्शा को निर्देशित किया कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर उटरूकला पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के साथ हुयी दुर्यव्यवहार पर तत्काल एफ0आई0आर0 दर्ज करा कर कार्यवाही से अगवत करायें। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में 1 अक्टूबर 2022 से संचालित संचारी रोग अभियान एवं अक्टूबर माह में संचालित दस्तक अभियान की तैयारी की समीक्षा में समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को अपने अपने कार्य समय से सम्पादित करते हुये 29 सितम्बर 2022 को द्वीतीय संचारी रोग अन्तर्विभागीय बैठक में प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, मुख्य चिकित्सा अधिक्षिका जिला महिला चिकित्सालय जौनपुर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास एवं पुष्टाहार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एन0एच0एम0, समस्त अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी सामु0/प्रा0स्वा0 केन्द्र आदि उपस्थित रहें।

## विदेशों में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियता विषय पर हुई अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शुक्रवार को विदेशों में हिंदी की बढ़ती लोकप्रियताः विश्व भाषा के रूप में हिंदी के बढ़ते कदम विषयक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी आइक्यूएसी प्रकोष्ठ, भाषा केंद्र एवं जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि भारतीय–नार्वेजीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम,नार्वे के अध्यक्ष,लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार सुरेश चंद शुक्ल 'शरद आलोक' ने कहा कि मातृभाषा के प्रति हीन भावना के शिकार नहीं हों नागरिक। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए. उन्होंने कहा कि नॉर्वे में भारतीय रोजगार के लिए गए थे, उनके साथ उनकी मातृभाषा हिंदी भी वहाँ पहुँच गई जो आज खूब फल– फूल रही है. उन्होंने कहा कि नार्वे के श्रमदान की परंपरा से हमें सीख लेने की जरूरत है। इससे व्यक्ति में देश प्रेम की भावना जागृत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए कहा कि गूगल के ज्ञान से हट कर मौलिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करें। मुख्य अतिथि ने विश्वविद्यालय के लिए अपनी पुस्तकों को कुलपति एवं अन्य को भेंट किया। अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हिंदी बाजार की मजबूरी बन गई है। दुनिया के देश घूमने के स्थान हो सकते हैं लेकिन रहने के लिए सिर्फ भारत ही उपयुक्त है। यहां की हिंदी भाषा और संस्कृति लोगों को एक दूसरे से बांधे रहती है। उन्होंने कहा कि हर देश की अपनी एक विशेषता और सौंदर्य होता है जो लोगों को एक दूसरे से जोड़ता और आकर्षित करता है। इस अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय हिंदी विभाग के डॉ. सत्य प्रकाश पाल ने कहा कि बाजारवाद ने हिंदी को स्पर्श किया है। गैर



हिंदी क्षेत्र के लोगों के जेहन में भी हिंदी उतर रही है। कहा कि भाषा, देश, समाज और संस्कृति का निर्माण करती हैं, अगर भाषा मरती है तो संस्कृति भी मर जाती है। विश्व में भारत के बाहर 200 विश्वविद्यालय में हिंदी की पढ़ाई हो रही है। अमेरिकन राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने भी कहा था कि भारत को जानना है तो हिंदी सीखना जरूरी है। इससे यह संभावना बनती है कि हिंदी भाषा विश्व में सिरमौर बनेगी। उन्होंने हिंदी भाषा की ताकत को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि हिंदी के माध्यम से ही देश विश्वगुरु बन सकता है। हिंदी में अपनापन की वजह से इसकी लोकप्रियता बढ़ रही हैं। हमारी उदारवादी संस्कृति के कारण हिंदी ने विश्व में स्थान बनाया है। वित्त अधिकारी संजय राय ने कहा कि विश्व के बाजार में सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीति का प्रभाव बढ़ रहा है।इसके कारण हिंदी विश्व बाजार की जरूरत बन गई है। विषय प्रवर्तन संगोष्ठी के संयोजक डॉ. मनोज मिश्र ने विषय प्रवर्तन किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रो. मानस पांडेय ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कोविड–19 के दौरान काम करने वाले करंजकला ब्लॉक के चिकित्सा कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ. गिरधर मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो बीबी तिवारी,प्रो. वंदना राय, प्रो.अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो नुपूर तिवारी, प्रो.रजनीश भास्कर, प्रो.अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राजेश शर्मा, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, सहायक कुलसचिव गण अमृतलाल, बबिता सिंह, अजीत सिंह. दिव्येंदु मिश्र आदि उपस्थित थे।

## ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में रोशनी गुप्त ने मारी बाजी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीआरसी सिकरारा पर राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में रोशनी गुप्त ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बाजी मार ली। जिससे उन्हें व टॉप फाइव में आने वाले अंकिता यादव स्वरित यादव नेहा प्रजापति व विशाल यादव को बीइओ



आनंद सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम सहसंयोजक सुशील उपाध्याय व ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह द्वारा विज्ञान मॉडल बनाने के लिए नगद रुपया 1000 व ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र दिया गया और टॉप टेन बच्चों को ट्रॉफी के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ज्ञात हो की शासन की मंशा के अनुसार ब्लॉक के सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालयों से 3, 3 छात्र छात्राओं को बुलाकर एक लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीइओ आनंद प्रकाश सिंह के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र सिकरारा पर आयोजित की गई। जिसमें विकास क्षेत्र के समस्त जूनियर हाईस्कूलों से 87 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर शिक्षकों व बच्चों को सम्बोधित करते बीइओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास होता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु क्षमता का विकास भी होता है।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर वितरित किया गया पुष्टाहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले बच्चों के लिए बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित किए जाने वाला पुष्टाहार नगर के हरखपुर



वार्ड में 6 केंद्रों पर सीडीपीओ मनोज कुमार वर्मा डीपीओ डॉ राम बदन सिंह के दिशा निर्देश में क्षेत्रीय मुख्य सेविका अनीता यादव के द्वारा राशन वितरण कराया गया। इस दौरान 3 माह का राशन वितरण किया गया। जिसमें दलिया रिफाइंड चने की दाल व अन्य सामग्री वितरित किया गया। पुष्टाहार पाकर महिला और बच्चों के चेहरे खिल उठे समान प्राप्त करने वाले हैं महिलाओं ने कहा कि योगी सरकार का हम गरीबों के लिए बेहतर कार्य है हमने धन्यवाद देते हैं साथ ही हम लोगों को समय–समय पर पुष्टाहार उपलब्ध करने में मुख्य सेविका अनीता मैडम का भी महत्वपूर्ण योगदान है।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गोद लिए मरीजों को आहार पोषण किट का हुआ वितरण एवं जागरूकता अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जनपद की स्वयंसेवी संस्था सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर द्वारा डी.टी.सी.टी.बी. यूनिट के अंतर्गत कुल 15 रोगियों को दिनांक 24.03 .22 विश्व क्षय दिवस के अवसर पर गोद दिया गया था । संस्था द्वारा समस्त क्षय रोगियों को प्रतिमाह आहार पोषण किट वितरण करते हुए सहयोग किया गया है जिसमें 13 रोगी पूर्ण रूप से स्वस्थ हो चुके हैं । इस स्तर से संस्था के प्रयासों की सराहना करता हूं । संस्था प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत निःक्षय मित्र के रुप में पोर्टल पर पंजीकृत भी है । टी. बी. एक संक्रामक रोग है, यह छुआछूत से फैलता है। इसका लक्षण बुखार खांसी वजन कम होना ,भूख न लगना, बलगम में खून आना है। यह लाइलाज नहीं है। दवा अगर लगातार और अच्छी तरह किया जाए तो मरीज अवश्य ठीक हो जाता है। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए टी. बी. हॉस्पिटल के एसटीएस नवीन सिंह ने कहा कि टी. बी. पीढ़ी दर पीढ़ी फैलने वाला रोग नहीं है, बल्कि यह हवा के जरिए फैलने वाला एक संक्रामक रोग है । टी.बी. किसी को भी हो सकती है । सलिल कुमार यादव डीपीसी( एनटीईपी ) ने कहा कि टी.बी. के लिए अपने बलगम



की जांच नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र ( डीएमसी )में करवाएं । टी. बी. का इलाज पूरी तरह संभव है।डॉट्स के अंतर्गत उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां व जांच सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में नि :शुल्क दी जाती हैं। उक्त कार्यक्रम में सागर श्रीवास्तव (अतुल), सुबास चौधरी , प्रमोद कुमार प्रजापति, सुबाष सरोज, ठाकुर प्रसाद राय, मनीष सोनी, सुरेश शुक्ला,रंजना शुक्ला, दीपक श्रीवास्तव, राम भरत यादव ,मोताज इत्यादि का सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने सब का आभार व्यक्त किया।

## अचानक प्लेटलेट कम होने से छात्रा की इलाज के दौरान मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के शांति पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत हाइस्कूल की छात्रा की बुखार के दौरान अचानक प्लेटलेट घटने से इलाज के दौरान मौत हो गई है ।स्कूल में शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जीवनलाल अग्रहरि की पौत्री स्नेहा उक्त विद्यालय में हाइस्कूल कक्षा में पढ़ती थी ।बुधवार को बुखार शुरू हुआ तो दवा ली और आराम पर गया ।गुरुवार को अचानक तबीयत खराब होने पर जौनपुर लेकर गए जहा प्लेटलेट बहुत कम होने की बात डाक्टर ने कही तो उसे तुरंत लेकर इलाहाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा डेंगू कारण प्लेटलेट कम होने की बात बताते हुए इलाज शुरू किया किंतु रात में ही छात्रा की मौत हो गई। शुक्रवार को रात में अंतिम संस्कार किया गया ।आज स्कूल में प्रधानाचार्य आदर्श मौर्य की अध्यक्षता में विद्यार्थियों और शिक्षको द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सादीगंज उत्तरी में कई लोगो को हो रहा बुखार,दहशत मछलीशहर ।नगर पंचायत के सादीगंज उत्तरी वार्ड की गोलामंडी में कई लोगो को बुखार हो रहा है ।डेंगू मच्छर को लेकर लोगो दहशत पैदा हो गई है। राजेश जायसवाल, उनका पुत्र विपुल जायसवाल समेत दस बीमार है ।सबको बुखार के दौरान प्लेटलेट कम होने की समस्या है ।उक्त लोगो का प्रयागराज में इलाज चल रहा है,जबकि रमेश जायसवाल, सभासद रविंद्र कुमार जायसवाल (दीपू), देवानंद की बेटी नैनसी, निजामुद्दीन का पौत्र समेत अन्य लोग स्थानीय नगर के अस्पताल में इलाज करवा रहे है ।डेंगू बुखार को लेकर लोगो में दहशत व्याप्त हो गई है ।लोगो का आरोप है कि प्रशासन द्वारा डेंगू की रोक थाम के लिए कोई एहितियाती कदम नही उठाया जा रहा है। क्या कहते हैं जिम्मेदार नगर पंचायत को तीन जॉन में बाटकर साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है ।दिन में एंटी लारवा का छिड़काव नालियों की सफाई करवाकर किया जा रहा है ।सायं काल फागिंग कराई जा रही है। डेंगू मच्छर को फैलने से रोकने का मुक्कमल इंतजाम किया गया है। अधिशासी अधिकारी बृजकिशोर गौर नगर पंचायत मछलीशहर नगर सीमा में बचाव की जिम्मेदारी नगर पंचायत की है और ग्रामीण इलाकों में रोग के बारे में जानकारी तत्काल देने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया गया है ।अस्पताल में एक वार्ड डेंगू के मरीजों के लिए आरक्षित किया गया है ।अभी तक कोई मरीज नही मिला है। विशाल सिंह यादव अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मछलीशहर

## विशेष छापामार अभियान द्वारा जनपद में 23 से 25 सितम्बर 2022 तक की जा रही कार्यवाही

जौनपुर सू.वि. : सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन के क्रम में जनपद में अपमिश्रित/असुरक्षित दोहरा/पान मसाला/स्वादिष्ट सुपारी/मावा/दोहरा के विनिर्माण/विक्रय/भण्डारण की रोकथाम के उद्देश्य से विशेष



छापामार अभियान द्वारा जनपद जौनपुर में 23 से 25 सितम्बर 2022 तक कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त के क्रम में अभिहित अधिकारी देवाशीष उपाध्याय के निर्देशन में एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार राय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा 24 सितम्बर 2022 को कृत कार्यवाही के दौरान जनपद के अलग–अलग स्थानों से दोहरा/पान मसाला/स्वादिष्ट सुपारी/मावा/दोहरा के कुल–06 नियमानुसार जनहित में जांच हेतु संग्रहीत कर खाद्य विश्लेषक को प्रेषित किया गया । प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान नियमानुसार जांच हेतु नमूना संग्रहीत करने के साथ ही 03 कारोबारियों के प्रतिष्ठान में पाये गये दोहरा की कुल अनुमानित मात्रा 04 कि0ग्रा (अनुमानित मूल्य रू0 2000) को नियमानुसार विनष्ट कराया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर से 500 मीटर दूर गुजर रही रेलवे ट्रैक पर किशोरी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के भूलईपुर गांव निवासी एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर से 500 मीटर दूर गुजर रही रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। ज्ञातव्य हो कि शुक्रवार की रात 10 बजे के लगभग उक्त गांव निवासी जिलाजीत कि 16 वर्षीय पुत्री प्रिया प्रजापति जो कि घर में पढ़ाई कर रही थी बिना किसी को बताए घर से बाहर निकली। कुछ देर बाद परिजनों ने बहुत खोजबीन किया परंतु कुछ पता नहीं चल सका। जिसका शव शनिवार की सुबह ग्रामीणों ने 500 मीटर दूर सुदनीपुर रेलवे ट्रैक पर देखा जिसका एक पैर फ्रैक्चर व सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। शव मिलने की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए मामले की जांच पड़ताल कर रही है। मृतका के पिता जिलाजीत के अनुसार हम लोग इलाहाबाद से जौनपुर की तरफ जाने वाली एजे पैसेंजर ट्रेन लगभग दस बजे के गुजर जाने के बाद रेलवे ट्रैक पर आए थे परंतु उस समय कोई शव वहां नहीं था लगता है मेरी बेटी के साथ किसी ने साजिश के तहत इस घटना को अंजाम देकर आत्महत्या का रूप देने के लिए ट्रैक पर रख दिया। कोतवाल ओम नारायण सिंह ने बताया कि मृतिका के पिता ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर दिया है कि मेरी बेटी ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर लिया है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थित स्पष्ट होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नहर में अज्ञात युवती का मिला शव : नहीं हो पाई शिनाख्त

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के पचेवरा झांसेपुर गांव के पास नहर में एक अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई तथा मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रही। फिलहाल उक्त शव की शिनाख्त नहीं की जा सकी, जिस पर पुलिस ने शिनाख्त के लिए शव को मुर्दाघर में 72 घंटों के लिए सुरक्षित रखवा दिया शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। पचेवरा झांसेपुर गांव के पास शनिवार सुबह साढ़े छह बजे खेत की तरफ गए ग्रामीणों को नहर के किनारे झाड़ियों में उलझा हुआ एक युवती का शव नजर आया जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तथा शिनाख्त का प्रयास किया। युवती के हाथों पर टैटू के निशान है। पुलिस सोसल मीडिया के जरिये भी युवती की शिनाख्त में जुटी हुई है। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि फिलहाल उक्त शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। प्रथम दृष्टया देखने में ही मृतका की उम्र 20 से 25 वर्ष के बीच लग रही है। शव को मुर्दाघर में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखवा दिया गया है।

# दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : आगामी दुर्गा एवं रामलीला के पर्व में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग सुरक्षा के मामले में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है ।इसी कड़ी में जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के दिशा निर्देश पर जिले के सभी जगहों पर संबंधित जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी वहां के रामलीला व दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ शांति कमेटी की बैठक आयोजित कर रहे हैं। जिसमें वहां पर मौजूद जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी वहां के समस्याओं से रूबरू होकर समय रहते उसका निराकरण करने में जुटे हैं। जिससे दुर्गा पूजा व रामलीला के दौरान दर्शकों को कोई सामना नहीं करना पडेघ्।इसी कड़ी में शुक्रवार को दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिये जिला व पुलिस प्रशासन के साथ दुर्गा पूजा व रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।इस बैठक में कमेटी के पदाधिकारियों ने सफाई व्यवस्था, सुरक्षा, सड़क, प्रकाश सहित अन्य प्रमुख समस्याओ को प्रमुखता से रखा।जिस शीघ्र ठीक कराने का आश्वासन वहां पर मौजूद अधिकारियों ने कमेटी के पदाधि ।कारियों को दिया।इस बार दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन के दौरान पुलिस प्रशासन ने इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति व अराजक तत्वों से निपटने के लिए पूरी तरह से सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया है।इस की दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन को शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूर्व के वर्षों से कहीं और ज्यादा पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।पुलिस के जवान चप्पे–चप्पे पर तैनात रहेंगे और जनता के सहयोग से दोनों महोत्सव बहुत ही भव्य और गरिमा पूर्ण ढंग से संपन्न होंगे।इस संबंध में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल और अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन के दौरान दर्शकों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने पायेगी।इसके लिए



सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया गया है। वही इसी कड़ी में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि दो वर्ष कोरोना के साए में बिताने के पश्चात इस बार महोत्सव में भारी भीड़ उमड़ने की आशा है। जिसके चलते दुर्गा पूजा आयोजित करने वाले कमेटी के पदाधिकारियों में भी अत्यधिक उत्साह देखने को मिल रहा है । ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित तैयारियों का पुख्ता प्रबंध होना बहुत ही आवश्यक हो जाता है।मेले के दौरान प्रत्येक पूजा पंडाल पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ–साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगातार सुरक्षाबलों द्वारा गस्त किया जाना अति आवश्यक है। जिसके चलते इस दौरान जगह जगह सादी वर्दी में भी पुलिस बलों की तैनाती भी आवश्यक है।उन्होंने बताया कि वही नगर में समय रहते अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को भी सुगम बनाया जाना चाहिए।सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यकतानुसार डाग स्क्वायड बम निरोधक दस्ता जल पुलिस की तैनाती और मनचले और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की भी जरूरत है।

# इस बार दुर्गा पूजा में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी बाबा अमरनाथ की गुफा तो कही काशी विश्वनाथ की ज्ञानवापी

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : इस बार कोरोना काल के बाद पहली बार दुर्गा पूजा व रामलीला मंचन कमेटी के पदाधिकारियों ने इसे आकर्षण रुप देने के लिए एड़ी चोटी एक कर दिये है।वही इस मौके पर भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ भी उमड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।मालूम हो कि इस बार शारदीय नवरात्र 26 सितंबर से शुरू हो रहा है। इसी दिन से दुर्गा पूजा महोत्सव का आरंभ होगा। दुर्गा पूजा समितियां महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं।इस बार अयोध्या जनपद में 1808 स्थानों पर पंडाल सजाकर श्रद्धालु नवदुर्गा का पंडाल सजाया जा रहा है।जिसमें अयोध्या नगर निगम महानगर क्षेत्र में 304 स्थानों पर पूजा पंडाल सजाए जा रहे हैं। इसके अलावा जिले में 309 स्थानों पर रामलीला का मंचन किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक अयोध्या में सबसे पहले 1972 में दुर्गा पूजा का आयोजन शुरू हुआ था।जिसका शुभारम्भ फतेहगंज स्थित राम जानकी मंदिर व रामनगर छावनी में 50 वर्ष पूर्व हुआ था।वही पूजा पंडाल का शुभारम्भ श्री भगवान जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। इसके बाद धीरे– धीरे जब पूजा समितियों की संख्या में वृद्धि होने लगी तो श्री भगवान जायसवाल ने सभी पूजा समितियों को मिलाकर एक केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति का गठन कर लिया।केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का गठन वर्ष 1978 में हुआ।तब से अयोध्या में आयोजित होने वाला दुर्गा पूजा महोत्सव लगातार भव्य रूप लेता जा रहा है। इसी कड़ी में सूत्र के मुताबिक राम जानकी मंदिर फतेहगंज इस बार स्वर्ण जयंती वर्ष मनाने जा रहा है।इस बार नवयुवक क्रांतिकारी संघ राम जानकी मंदिर की ओर से आयोजित होने वाले शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में बाबा अमरनाथ की झांकी की थीम पर पूजा पंडाल तैयार किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष अशोक गुप्त ने बताया कि यहां ज्ञानवापी, राम दरबार, महिषासुर मर्दिनी की झांकी के साथ झरना व पहाड़ का श्रद्धालु दर्शन



करेंगे।मर्यादा पुरुषोत्तम की नगरी में इस बार दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर काफी उत्साह है। दो साल कोरोना के कारण दुर्गा पूजा महोत्सव नहीं हुआ था, इसलिए इस बार लोग महोत्सव को भव्य और ऐतिहासिक रूप देने में लगे है।अयोध्या में फिल्मी रामलीला के साथ ही राम नगरी में 309 स्थानों पर रामलीला का मंचन होगा। वही रामलीला मंचन की तैयारियों अंतिम दौर में चल रही है। जहां पर लक्ष्मणघाट में आयोजित रामलीला में फिल्मी जगत के नेता और अभिनेत्री रामलीला का मंचन करेंगे।प्रायः नाका चुंगी व चौक की प्रतिमाएं व पंडाल विशेष आकर्षण का केंद्र रही हैं। इस बार भी इन सभी स्थलों पर प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।इस बार भी मुख्य रूप से बंगाल, बिहार, बंगाल, झारखंड के कुशल कारीगर दिन–रात मेहनत करके पंडाल को भव्यता प्रदान करने में लीन हैं।इन स्थलों पर पंडाल की भव्यता को लेकर प्रतिस्पर्धा भी देखी जा रही है।इसके अलावा शहर के अश्वनीपुरम कालोनी, हैदरगंज, चौक, फतेहगंज, दिल्ली दरवाजा, मकबरा, रिकाबगंज, नाका हनुमानगढ़ी, नाका चुंगी, अमानीगंज, देवकाली, अयोध्या में प्रमुख जगहों पर भव्य व आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे है।जहां पर मां दुर्गा प्रतिमाओं के रूप में स्थापित होगी।

# रामलीला कमेटी के सचिव ने की उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात : दिया निमंत्रण

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : अयोध्या की रामलीला कमेटी के सचिव नेकी उत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर उनको रामलीला का निमंत्रण दिया इस मौके पर उप मुख्यमंत्री जी ने बोला की वह एक दिन जरूर पधार कर सभी कलाकारों को अपना आशीर्वाद देगें व बोला की अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। इसी के साथ शुभम मलिक ने उन्हें बताया की यह रामलीला का तीसरा संस्करण है जो की अयोध्या में लक्ष्मण किला सरयू नदी के किनारे किया जाता हैं। अयोध्या की रामलीला का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी और माननीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह जी और अयोध्या की रामलीला के मुख्य संरक्षक श्री प्रवेश साहिब वर्मा (भाजपा सांसद)जी के सहयोग से अयोध्या की रामलीला का आयोजन होता है।हमारी कमेटी का एक ही उद्देश्य है की भगवान श्री राम की रामलीला को सभी राम भक्त घर पर बैठकर देख पाएं।। अयोध्या की रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है, 2020 में 16 करोड़, और 2021 में बाईस करोड़ से ज्यादा अयोध्या की रामलीला का लाइव टेलीकास्ट दूरदर्शन और कई सेटेलाइट चैनल और सोशल मीडिया यूट्यूब पर होता है।इसका आयोजन भगवान श्री राम जी के आशिर्वाद से होता है।इसमें मनोज तिवारी ,रवि किशन ,गुफी पेंटल नारद मुनि की भूमिका निभा रहे है, गिरजा शंकर राजा दशरथ श्री राम जी के पिताश्री जी की भूमिका निभा रहे है, भाग्यश्री,राकेश बेदी, रजा मुराद, और कई बॉलीवुड की महान हस्तियां अयोध्या की रामलीला में काम कर रही हैं। अयोध्या कि रामलीला कमेटी के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक(बॉबी) ने बताया अयोध्या कि रामलीला का अयोजन दिनांक 25 सितंबर से 5अक्टूबर 2022 तक अयोध्या में हर वर्ष कि तरह लाइव देख पाएंगे।

## सर्किल में नवसृजित थाना बाबा बाजार के पहले थाना प्रभारी की हुई नियुक्ति

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : सर्किल में नवसृजित थाना बाबा बाजार के पहले थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह बनाये गए है। क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि एसएसपी ने थाना बाबा बाजार पर प्रभारी मनोज कुमार सिंह की नियुक्ति कर दी है।कहा कि बाबा बाजार थाना रूदौली सर्किल क्षेत्र का चौथा थाना होगा।अभी तक तीन थाने मवई,रुदौली व पटरंगा थे अब इनकी संख्या बढ़कर चार हो गई।बाबा बाजार थाने में दो पुलिस चौकी सैदपुर व कामाख्या धाम शामिल हुई है।थाने में 38 गांवों को शामिल किया गया है।कहा कि लगभग 40 वर्ष पहले बाबा बाजार में पुलिस चौकी स्थापित की गई थी।वर्ष 1983 में यहां चौकी स्थापित करने के पीछे अपराध को रोकना था।थाने की दूरी 20 किमी से अधिक होने से समस्याओं का समाधान तीव्रगति से नहीं हो पाता था।अब बाबा बाजार में थाना बनने से 20 किमी का चक्कर लगाने से जहां मुक्ति मिलेगी वही समय के साथ समस्याओं का तत्काल निदान होगा।बताया कि थाना बाबाबाजार में जन सुविधा बढ़ाने के लिए स्टाफ और आवश्यक संसाधन बढ़ाये जा रहे है।

# प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के सख्त रवैया के बावजूद नहीं थम रहा इमरजेंसी ओपीडी में कमीशन युक्त इंजेक्शन व दवाइयां लिखना

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी के सख्त रवैया के बावजूद नहीं थम रहा इमरजेंसी ओपीडी में कमीशन युक्त इंजेक्शन व दवाइयां लिखना प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी ओपीडी करने वाले फार्मेसिस्ट द्वारा चिकित्सकों को भी हवा नहीं लगने देते हैं और लग जाता है कमीशन युक्त इंजेक्शन प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक इमरजेंसी ओपीडी में चिकित्सक से लेकर फार्मेसिस्ट द्वारा अपने दलालों को बुलाकर लिखो आते हैं कमीशन युक्त इंजेक्शन वह दवाइयां एक फार्मेसिस्ट जो अपने को सीएमएस डॉ सी बी एन त्रिपाठी का खास होना बताते हुए धड़ाके से कमीशन युक्त इंजेक्शन मंगवा कर दलालों से लग जाता है और यदि कोई मरीज का तीमारदार इसका विरोध करता है तो वह कहता है कि यहां कोई दवाइयां नहीं है आप दर्शन नगर ले जाएं वहीं प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सी बी एन त्रिपाठी ने बताया कि सारी दवाइयां उपलब्ध है मजबूर मरीज के तीमारदार विवश होकर बाजार से इंजेक्शन व दवाइयां लाने को मजबूर हो जाता है यदि कोई मरीज का तीमारदार इसकी शिकायत प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी से करता है तो उनके द्वारा लिखित शिकायत मांगी जाती है लिखित शिकायत देने के बावजूद भी दोषी फार्मेसिस्ट के खिलाफ कोई कार्यवाही की जाती है और ना उनको इमरजेंसी ओपीडी से हटाया जाता है अब यह देखना है कि प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सी बी एन त्रिपाठी इमरजेंसी ओपीडी से कमीशन युक्त इंजेक्शन लिखना वाह दलालों से मुक्त करा पाते हैं।

## जनपद अयोध्या का मिल्कीपुर तहसील बना भ्रष्ट अधिकारियों का अड्डा

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : यूपी में बीजेपी की डबल इंजन की सरकार है। योगी 2.0 सरकार जहां एक तरफ भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा कसने व गुणवत्ता पूर्ण जनता को न्याय दिलाये जाने और मोदी सरकार द्वारा सबका साथ सबका विकास के दावे कर रही है वहीं मिल्कीपुर तहसील की बात करें तो तहसील प्रशासन में एसडीएम से लेकर लेखपाल तक सब भ्रष्ट हो चुके हैं। किसी पीड़ित को न्याय मिलना तो बहुत दूर की बात है । यहां तक कि एसडीएम हों या तहसीलदार बजती रहती है घंटी नहीं उठता है फोन। भले ही योगी सरकार चाहे जितना कहे की पत्रकारों का फोन उठाएं अधिकारी। उन पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। ऐसा ही एक नया मामला तहसील मिल्कीपुर का देखने को मिला है। जनपद अयोध्या क्षेत्र अंतर्गत तहसील मिल्कीपुर के ग्राम पलिया जगमोहन सिंह के रहने वाले राम सिंह का है जो की राजस्व गांव पलिया मुव कुचेरा गाटा संख्या 551 क के संक्रमणीय भूमिधर के मालिक हैं, की जमीन पर गांव के रहने वाले दबंग व्यक्ति संत कुमार उर्फ प्रेमचंद्र, हरिसंत, शिव पूजन व विनोद मिलकर रात को निर्माण कर अवैध कब्जा कर जमीन हथियाना चाह रहे हैं। जिसकी लिखित शिकायत एसडीएम मिल्कीपुर को दिनांक 13 सितंबर 2022 को की गई। क्षेत्रीय आर आई वीरेंद्र सिंह द्वारा पीड़ित को मीटिंग बताकर देर शाम तक बैठाए रखा। ऐसे में यदि रास्ते में पीड़ित के साथ कोई घटना घटित हो जाए तो कौन होगा जिम्मेदार। आगे बताते चलें कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर क्षेत्रीय आरआई को मौके की जांच कर निस्तारण के लिए आदेशित भी कर दिया । परंतु आज तक न ही तहसील का कोई अधिकारी/कर्मचारी मौके पर पहुंचा और न ही तहसील प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाई की गई। शायद तहसील प्रशासन को है किसी बड़े हादसे का इंतजार। पीड़ित ने दिया बयान।

# दीपोत्सव नोडल अधिकारी ने घाटों का किया मुआयना : 20 अक्टूबर से शुरू होगा दीपक बिछाने कार्य

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने गुरूवार को सायं दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर राम की पैड़ी के घाटों का जायजा लिया। उन्होंने घाटों की साफ–सफाई, दीए बिछाने व सामग्री संकलन के स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी प्रो0 सिंह ने पदाधिकारियों के साथ घाटों का मुआयना किया। उन्होंने कमियों को दूर करने व यथा आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। मौके पर प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने बताया कि 23 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। राम की पैड़ी के घाटों पर दीए बिछाने का कार्य 20 अक्टूबर से शुरू कर दिया जायेगा। जो 22 अक्टूबर शाम तक चलेगा। सभी घाटों के वालंटियर्स के पास दीए व अन्य सामग्री पहुँचाने के लिए ठेला गाड़ी व छोटी आटो गाड़ी का सहारा लिया जायेगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि राम की पैड़ी पर दीपोत्सव के दो दिन पहले से वालंटियर्स की ड्यूटी लगाई जायेगी। इन्हें बिना आईकार्ड के प्रवेश नही दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक घाटों का बारीकी से अवलोकन किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के मंशानुरूप छठा दीपोत्सव भव्य बनाने के साथ पुनः गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज किया जायेगा। मौके पर उप–नोडल अधिकारी डॉ0 संग्राम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वेबसाइट द्वारा राम मंदिर अयोध्या निर्माण हेतु श्रीरामलला के नाम से अवैध रुप से चन्दा इकट्ठा करनें वाला अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राम नगरी अयोध्या में बेबसाइट के माध्यम से लोगों से अवैध रुप से चंदा वसूलने वाले एक आरोपी को साइबर अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक श्री राम जन्म भूमि ट्रस्ट के पदाधिकारी चम्पत राय बंसल निवासी नई दिल्ली, ने थाना राम जन्म भूमि पर शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत दिया ध्था।जिसमें उन्होंने आरोपी पर आरोप लगाया है कि कि आरोपी श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए ट्रस्ट के नाम पर वेबसाइट ूतंउउंदकपतजतनेज.पद. दमज पर राम मंदिर निर्माण हेतु अधिकृत ट्रस्ट का लोगो लगाकर अवैध रूप से चन्दे की धनराशि अपने आर्थिक हित में प्रयोग कर रहा है।जिसे गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके चलते पुलिस उप–महानिरीक्षक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश लखनऊ,पुलिस उप–महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या, पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश लखनऊ, तथा अपर पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिशा–निर्देशन में टीम का गठन किया गया था। जिसमें नोडल थाना साइबर क्राइम अयोध्या परिक्षेत्र क्षेत्राधिकारी नगर अयोध्या के देखरेख में साइबर क्राइम थाना अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या की टीम द्वारा इस घटना को चुनौती के रूप में लेकर तकनीकी




साक्ष्यों के आधार पर कार्यवाही करते हुए उक्त धोखाधड़ी में प्रयोग की गई वेवसाइट निर्माण में संलिप्त एक आरोपी अभियुक्त की पहचान कर अपराध में प्रयुक्त संसाधनों के साथ गिरफ्तार कर घटना का खुलासा पुलिस ने किया। पुलिस के मुताबिक उक्त आरोपी अभियुक्त की पुष्टि रविरंजन उर्फ मुकुल कुमार पुत्र संजय कुमार सिन्हा उर्फ योगेश्वर प्रसाद निवासी ग्राम पाँची थाना सेखोपुर सराय जिला सेखपुरा बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी अभियुक्त के पास से 04 मोबाइल,02 सिम कार्ड,01 लैपटॉप,01 पेटीएम डेबिट कार्ड व 01 घटना में प्रयुक्त ई0एम0आई0 का मोबाइल का बॉक्स बरामद किया।इसका अनावरण करने वाली टीम में निरीक्षक कमलापति यादव थाना साइबर क्राइम अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या,उ0नि0 अमित शंकर थाना साइबर क्राइम अयोध्या परिक्षेत्र,अयोध्या सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पत्रकार पेंशन योजना को अधिक व्यावहारिक बनाने की मांग : वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन का मुख्यमंत्री को ज्ञापन

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने उत्तर प्रदेश की पत्रकार पेंशन योजना को अधिक व्यवहारिक बनाने और उसमें सभी श्रमजीवी पत्रकारों को जोड़ने की मांग की है। इस संबंध में यूनियन ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को दिया है , जिस पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ,महामंत्री प्रेमकांत तिवारी ,मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह और महामंत्री विश्वदेव राव के हस्ताक्षर हैं । ज्ञापन मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री संजय प्रसाद जो सूचना विभाग के भी प्रमुख सचिव हैं , के माध्यम से दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पत्रकार पेंशन योजना की प्रक्रिया शुरू करते हुए पेंशन की आहरताएं उत्तराखंड की भांति निर्धारित की हैं । जिसमें 15 वर्ष की निरंतर मान्यता और कोई अन्य पेंशन न पाना शामिल है। यूनियन की मांग है कि पेंशन सभी श्रमजीवी पत्रकारों को दी जाए । संवाददाताओं के संबंध में 15 वर्ष की मान्यता के स्थान पर 10 वर्ष तथा निरंतर के स्थान पर कुल मान्यता की शर्त रखी जाए। पत्रकार को वर्तमान में मिल रही पेंशन को परिभाषित करते हुए पीएफ और जीवन बीमा निगम की पेंशन को उससे अलग किया जाए। ज्ञापन में मांग की गई है कि राजस्थान और उत्तराखंड की तरह है पत्रकार के निधन के बाद पेंशन का 50: अंश उसकी पत्नी / पति को दिया जाए । पेंशन की धनराशि रु0 20000 प्रति माह होना चाहिए । राजस्थान में रु0 15000 प्रति माह पेंशन मिल रही है।

# अव्यवस्था देख भड़कीं डायट प्राचार्य : बीईओ को फटकारा : व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित किए जा रहे चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लेने पहुंची जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या की प्राचार्या अव्यवस्था देख भड़क उठी उन्होंने प्रभारी खंड शिक्षाधिकारी पंकज मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि जिलाधिकारी की मीटिंग में केवल मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। यहां तक कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों के भोजन व्यवस्था में मोटी रोटियां दिए जाने की भी शिकायत जिलाधिकारी तब से हो गई थी। औचक निरीक्षण करने पहुंची डायट प्राचार्य ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के गोदाम में बच्चों में वितरित किए जाने वाली डंप निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का भी निरीक्षण किया। भारी मात्रा में पाठ्य पुस्तकें गोदाम में मौजूद देख उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बताते चलें कि बीते 21 सितंबर को निपुण भारत मिशन के तहत मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सौ शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित करके खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर स्थित कमपोजिट विद्यालय इनायत नगर के अतिरिक्त कक्षा कक्षों में प्रारंभ किया गया था जहां शिक्षकों के बैठने की व्यवस्था से लेकर खानपान तक की भारी अव्यवस्था रही। मामले को मीडिया ने प्रमुखता से उजागर किया था। जिसके बाद जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के शिक्षकों के प्रशिक्षण की अव्यवस्था का मामला पूरी तरह से चर्चा में रहा। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या की प्राचार्य संध्या श्रीवास्तव मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के 4 विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय मीठे गांव, कमपोजिट विद्यालय कुचेरा, अंग्रेजी माध्यम में संचालित प्राथमिक विद्यालय बारुन एवं प्राथमिक विद्यालय सराय नामू सहित कम्पोजिट विद्यालय इनायतनगर का औचक निरीक्षण किया। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक–ठाक मिलने पर डायट प्राचार्य ने संतोष व्यक्त किया। तदुपरांत वह सीधे इनायत नगर स्थित खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय पहुंची जहां दो कक्षों में चल रहे शिक्षकों के प्रशिक्षण का जायजा लिया और शिक्षकों से प्रशिक्षण के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत उन्होंने पाठ्य पुस्तकों के रखरखाव हेतु बनाए गए गोदाम का भी निरीक्षण किया जहां भारी मात्रा में पाठ्य पुस्तकें डम्प मिली। इस पर उन्होंने खंड शिक्षाधिकारी पंकज मिश्रा से सवाल किया तब उन्होंने बताया कि कई विषयों की किताबें कई चक्रों में प्राप्त कराई जा रही है। जिसको लेकर काफी असुविधा हो रही है। फिलहाल कोशिश है कि जल्दी से जल्दी इन पाठ्य पुस्तकों को वितरित करा दिया जाए। बीईओ के प्रत्युत्तर पर डाइट प्राचार्य ने अभिलंब डम्प पड़ी पुस्तकों को वितरित की जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मिली व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने के भी निर्देश संबंधित बीईओ एवं प्रशिक्षण दे रहे ए आर पी गणों को दिए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे लता मंगेशकर चौक का वर्चुली उद्घाटन

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।वर्चुली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे लता मंगेशकर चौक का उद्घाटन स्वर कोकिला लता मंगेशकर की स्मृति में बनाए जा रहे लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन के कार्यक्रम में आमंत्रित होंगे ।स्वर्गीय लता मंगेशकर के परिजन बहन उषा






मंगेशकर और आदित्यनाथ को निमंत्रण भेजा गया। विकास प्राधिकरण के सचिव और साहित्यकार यतींद्र मिश्रा ने लता जी के परिजनों को आमंत्रित किया गया है। समारोह में शामिल होने के लिए 28 सितंबर को चुना गया है। लता मंगेशकर जी के जन्मोत्सव के मौके पर लता मंगेशकर चौक का उद्घाटन होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या में प्रधानमंत्री वर्चुअल तौर से जुड़ेंगे। लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ समारोह पूर्वक किया जाएगा। लता मंगेशकर चौक का उद्घाटन तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।